Regarding expeditious construction of Hardoi- Gursahaiganj Railway line project - laid

श्री जय प्रकाश (हरदोई): माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान उत्तर रेलवे मंडल के मुरादाबाद डिवीजन के अंतर्गत हरदोई रेलवे स्टेशन से गुरसहायगंज वाया सांडी तक कुल 59 दशमलव 30 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन परियोजना के क्रियान्वयन में हो रहे विलंब की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। यह रेल परियोजना वर्ष 2019 में रुपए 1302 करोड़ की अनुमानित लागत से स्वीकृत की गई थी। उत्तर रेलवे द्वारा इसे प्राथमिकता देते हुए अपनी पिंक बुक में दर्ज कराने के साथ-साथ वर्ष 2022 में रेलवे मानचित्र में भी इस लाइन को स्थान मिल चुका है तब से अब तक के प्रत्येक वित्तीय वर्ष में इस परियोजना के लिए आवंटित वित्तीय राशि के सापेक्ष अलग-अलग मदों में धनराशि जारी की जाती रही है परंतु इस रेल परियोजना पर पिछले 3 सालों में कोई ड्रोन से फाइनल लोकेशन सर्वे एवं सीमांकन किए जाने के अलावा कोई ठोस कार्य नहीं हो पाया है अपितु सर्वे रिपोर्ट भी रेल मंत्रालय में अनुमोदन के लिए पिछले 1 साल से लंबित है। स्थानीय जनता इस रेल परियोजना के क्रियान्वयन में हो रहे अप्रत्याशित विलंब के लिए आंदोलित है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री से आग्रह करूंगा कि हरदोई रेलवे स्टेशन से गुरसहायगंज वाया सांडी तक की रेल परियोजना को गति प्रदान करने की कृपा करें।